
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एवं अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर ,बरेली ,बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

सीतापुर, गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
वर्ष 14, अंक 196, पृष्ठ 04, मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

मेडिकल स्टोरों पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है नशीली कफ सिरफ...03

उत्तराखंड में आवारा कुत्तों को लेकर तैयार हुई गाइडलाइन, अब गली में खाना खिलाने पर होगा एक्शन..04

## न पुतिन न ही डोनाल्ड ट्रंप, गणतंत्र दिवस पर इस सुपर पावर के लीडर्स होंगे मुख्य अतिथि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में भारत दुनिया की एक सबसे ताकतवर हस्ती को आमंत्रित करने वाला है. इसमें न तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम है और न ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का. इसमें फ्रांस, इंग्लैंड या जर्मनी जैसे सुपरपावर के हेड का भी नाम नहीं है. ये भी स्वाभाविक है कि इसमें चीन के राष्ट्रपति का भी नाम नहीं ही है. ऐसे में ये ताकतवर हस्तियां कौन हैं. तो उनके नाम हैं- उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा. भारत पहली बार परंपरा से हटकर इन्हें आमंत्रित कर रहा है. लेयेन यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष हैं जबकि कोस्टा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष हैं।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक औपचारिक निमंत्रण और स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है, जिसके पूरा होने पर नई दिल्ली और ब्रुसेल्स द्वारा जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी. भारत के नजरिये में गणतंत्र दिवस का मुख्य अतिथि आमंत्रण अत्यंत प्रतीकात्मक महत्व रखता है. नई दिल्ली रणनीति और आतिथ्य का



संतुलन बनाते हुए मुख्य अतिथि का चयन करती है, जिसमें सामरिक-कूटनीतिक कारण, व्यापारिक हित और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

इस बार ईयू नेतृत्व को आमंत्रित करना भारत-ईयू संबंधों में तेजी से आए उभार का स्पष्ट संकेत है, विशेषकर फरवरी 2025 से जब ईयू के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स ने भारत का दौरा किया था. 27 सदस्यीय ईयू के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ महीनों में उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुए हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली प्रशासन की अनिश्चित नीतियों के बीच ईयू ने 20 अक्टूबर को एक नया सामरिक एजेंडा अपनाया, जिसमें भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने का संकल्प है।

### व्यापार समझौते पर वार्ता

इसमें भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की चल रही वार्ताओं को अंतिम रूप देना, प्रौद्योगिकी, रक्षा-सुरक्षा और जन-संपर्क सहयोग को गहरा करना शामिल है. जनवरी में ईयू नेताओं के भारत आने पर दिल्ली में ही भारत-ईयू लीडर्स समिट आयोजित होगा, जो मूल रूप से 2026 की शुरुआत में निर्धारित था. इससे दोनों पक्षों के वार्ताकारों पर दिसंबर तक एफटीए को पूरा करने का दबाव बढ़ गया है - यह प्रतिबद्धता फरवरी में हुई आर्थिक साझेदारी बैठकों में ली गई थी. गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में ईयू नेतृत्व की उपस्थिति न केवल कूटनीतिक जीत होगी, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित करेगी. यह आमंत्रण भारत की 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति का हिस्सा है, जिसमें वह अमेरिका, रूस और यूरोप जैसे सभी प्रमुख शक्ति केंद्रों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखता है. ट्रंप प्रशासन की अनिश्चितता के बीच ईयू के साथ गठजोड़ भारत को व्यापार, निवेश और रक्षा प्रौद्योगिकी में नई संभावनाएं देगा।

एफटीए पूरा होने पर भारत को ईयू बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी, जो उसके निर्यात को बढ़ावा देगी. साथ ही, रक्षा और डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग से भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को बल मिलेगा. जनवरी समिट में दोनों पक्ष जलवायु परिवर्तन, डिजिटल गवर्नेंस और इंडो-पैसिफिक रणनीति पर भी चर्चा करेंगे. यह ऐतिहासिक आमंत्रण भारत-ईयू साझेदारी के नए युग की शुरुआत है. जब 26 जनवरी 2026 को राजपथ पर ईयू झंडा लहराएगा, तो यह न केवल राजनयिक सफलता होगी, बल्कि वैश्विक सहयोग की नई मिसाल भी कायम करेगा. दोनों पक्षों के बीच विश्वास और सहयोग की यह यात्रा अब निर्णायक मोड़ पर है।

## शरद पवार से टकराई देवेंद्र फडणवीस सरकार, BMC चुनाव से पहले होगा बड़ा खेला!

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल आने वाला है. दरअसल, स्थानीय निकाय और बीएमसी चुनाव से पहले राज्य की देवेंद्र फडणवीस ने सीधे तौर पर दिग्गज वयोवृद्ध नेता शरद पवार से सीधे टकरा गई है. दरअसल, राज्य सरकार ने शरद पवार की अध्यक्षता वाले वीएसआई के फंड की ऑडिट का आदेश दिया है. वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट (वीएसआई) पुणे में स्थित है. विपक्षी दल ने इसे बीजेपी की राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया है. कैबिनेट ने 30 सितंबर को इस फैसले को मंजूरी दी थी. शुगर कमिश्नर संजय कोल्टे ने कहा कि कैबिनेट मीटिंग के मिनट्स मिलने के बाद हम कमेटी गठित करने की प्रक्रिया में हैं, जो वीएसआई के रिकॉर्ड और फंड उपयोग की जांच करेगी.

उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थान के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वीएसआई में जांच शुरू होने की बात से इनकार किया है. उन्होंने कहा कि शुगर कमिश्नर ने केवल संस्थान द्वारा कुचले गए गन्ने के प्रति टन एक रुपये के उपयोग की जानकारी मांगी है. कोई जांच शुरू नहीं हुई. अगर वीएसआई के खिलाफ कोई गंभीर शिकायत मिलती है, तो हम जांच कर सकते हैं. फिलहाल किसी की कोई शिकायत नहीं है।

### चीनी उद्योग के लिए अनुसंधान का काम करती है संस्था

1975 में सहकारी कारखानों के गन्ना उत्पादकों द्वारा स्थापित वीएसआई चीनी उद्योग के लिए अनुसंधान एवं विकास संस्थान है. यह सहकारी मिलों से कुचले गए गन्ने के प्रति टन एक रुपये प्राप्त करता है, जिससे अपनी गतिविधियां चलाता है. शरद पवार के अलावा उनके भतीजे एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार, पूर्व मंत्री दिलीप पाटील, जयंत पाटील और कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात इसके ट्रस्टी हैं. एन51सीपी-एसपी नेताओं ने इसे विपक्षी गढ़ों को निशाना बनाने का हिस्सा बताया. पार्टी के राज्य महासचिव रोहित पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री का जांच का फैसला सामान्य प्रक्रिया नहीं है. ठाणे के बाद अब बारामती को निशाना बनाया जा रहा है. जब विपक्ष भ्रष्टाचार के सबूत देता है, तो सरकार चुप रहती है, लेकिन वीएसआई जैसी प्रतिष्ठित संस्था को टारगेट किया जा रहा है. यह बीजेपी की राजनीति के निम्न स्तर को दर्शाता है।

पुणे जिले का बारामती पवार परिवार का राजनीतिक गढ़ है, जबकि ठाणे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना का घरेलू मैदान है. एनसीपी-एसपी का आरोप है कि सत्ता में आने के बाद बीजेपी और उसके सहयोगी विपक्षी नेताओं की संस्थाओं को कमजोर करने की रणनीति अपनाते हैं. वीएसआई चीनी उद्योग में तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए जाना जाता है. सहकारी मिलों से प्राप्त फंड का उपयोग वैज्ञानिक अध्ययन, किसान जागरूकता और उद्योग उन्नयन में होता है. संस्थान के ट्रस्टी बोर्ड में सभी प्रमुख दलों के नेता शामिल हैं, जो इसे गैर-राजनीतिक स्वरूप देते हैं. फिर भी, फंड ऑडिट का फैसला राजनीतिक रंग ले चुका है।

### जांच पारदर्शी होगी

शुगर कमिश्नर कोल्टे ने बताया कि कमेटी का गठन जल्द पूरा होगा और जांच पारदर्शी होगी. लेकिन विपक्ष का मानना है कि यह कदम शरद पवार की साख को ठेस पहुंचाने का प्रयास है. रोहित पवार ने कहा कि वीएसआई ने दशकों से चीनी उद्योग को मजबूत किया है. अगर सरकार को पारदर्शिता चाहिए, तो सभी सहकारी संस्थाओं की जांच होनी चाहिए, न कि चुनिंदा।

महाराष्ट्र में सहकारिता क्षेत्र लंबे समय से राजनीतिक प्रभाव का केंद्र रहा है. पवार परिवार का चीनी सहकारिता पर मजबूत पकड़ है और बारामती में कई मिलें उनके समर्थकों के नियंत्रण में हैं. ऑडिट का फैसला ऐसे समय आया है जब राज्य में सत्ता गठबंधन और विपक्ष के बीच तनाव चरम पर है. फडणवीस ने स्पष्ट किया कि अभी केवल जानकारी मांगी गई है, लेकिन विपक्ष इसे जांच की शुरुआत मान रहा है. आने वाले दिनों में कमेटी की रिपोर्ट इस विवाद को और गहरा सकती है या शांत कर सकती है. फिलहाल, वीएसआई का मामला महाराष्ट्र की राजनीति में नया तूफान बनता दिख रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीलबंद वज़ूखाने के तले पर लगा कपड़ा बदलने पर दोनों पक्ष सहमत, फैसला सुरक्षित

**वाराणसी-** वाराणसी के जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर स्थित सीलबंद वजूखाने के ताले पर लगे कपड़े को बदलने के लिए दोनों पक्षों से सहमति लेने के बाद आदेश को 10 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला अदालत ने बुधवार को हिन्दू और मुस्लिम दोनों पक्षों से ज्ञानवापी परिसर स्थित सील बंद वजूखाने के ताले पर लगे कपड़े को बदलने के लिए सहमति ले ली तथा 10 नवंबर के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया। उन्होंने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा था कि चूंकि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है इसलिए वह स्वयं कोई आदेश जारी नहीं कर सकती। यादव के अनुसार अदालत ने कहा था कि अगर दोनों पक्ष सहमत हो तो ताले पर लगे कपड़े को बदला जा सकता है। मई 2022 में अदालत के आदेश पर ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण के दौरान दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) और उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना क्षेत्र को सील कर दिया गया था। यादव ने बताया कि ताले पर बंधा कपड़ा समय के साथ फट और घिस गया है तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हिंदू पक्ष ने इस वर्ष आठ अगस्त को एक याचिका दायर कर इसे बदलने की अनुमति मांगी थी।

### बिहार चुनाव में RJD-कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ, समस्तीपुर में गरजे अमित शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) रिकॉर्ड बहुमत के साथ प्रदेश मे एक बार फिर से सरकार बनाएगी और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

**राजग के रहते कर्पूरी ठाकुर के जननायक की उपाधि को कोई छीन नहीं सकता- अमित शाह**

अमित शाह ने आज समस्तीपुर जिले के रोसड़ा स्टेडियम में राजग प्रत्याशियों के पक्ष मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने का नहीं है, बल्कि राजद के शासनकाल के जंगलराज को समाप्त करने का है। उन्होंने कहा कि लोगों के रूझान से स्पष्ट है कि इस चुनाव मे लालू यादव और राहुल गांधी की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं राजद भ्रष्टाचार का प्रतीक है और इस चुनाव मे इन दलों का सफाया तय है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे बिहार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश का चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव, कर्पूरी ठाकुर को मिले जननायक की उपाधि को छीनना चाहते है। उन्होंने कहा कि राजग के रहते कर्पूरी ठाकुर के जननायक की उपाधि को कोई छीन नहीं सकता है।

## PM मोदी से मंच पर क्या हुई गुप्त बात, हम आपको क्यों बताएं...पप्पू यादव ने सीक्रेट रखी उस दिन वाली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पटना-** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि बिना नीतीश कुमार के बीजेपी बिहार में कहीं नहीं है. न्यूज 18 इंडिया के कार्यक्रम 'सबसे बड़ा दंगल बिहार' के मंच से पप्पू यादव ने कहा कि बीजेपी बताए कि बिहार में उनका कोई चेहरा है क्या. बीजेपी की तरफ से कभी थे सुशील मोदी और रविशंकर जी, अब हैं क्या? महागठबंधन के घोषणापत्र में केवल तेजस्वी यादव का चेहरा होने पर पप्पू यादव ने कहा कि इसके पीछे अतिपिछड़ा, अल्पसंख्यक का भी फेस है. हमने जगन्नाथ मिश्रा के पोते को, शास्वत पांडेय को भी टिकट दिया. हमने एक भी बाहुबली, अपराधी को टिकट नहीं दिया. आरोप लगाया कि इन लोगों ने ना जाने कितने बाहुबलियों और चोरों को टिकट दिया है. इन लोगों ने 10 करोड़ 12 करोड़ में टिकट बेचा है. इन लोगों ने ऐसे टिकट बेचे जैसे कुत्ता बिल्ली नहीं बिकता है।

पप्पू यादव ने दावा किया कि वह केवल एक वर्कर हैं, ना कि नेता. वर्कर पीछे रहता है ना कि मंच पर रहता है. हम तो केवल प्रचार करने वाले हैं. पीएम मोदी के मंच पर जाने के सवाल पर पप्पू यादव ने कहा कि मिथिला में अतिथि का स्वागत करना हमारा संस्कार है. पप्पू यादव ने कहा कि वह सबको प्यार करते हैं, सबको आई लव यू. उन्होंने ये भी बताया कि पूर्णिया के मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके कान में क्या कहा था- 'पप्पू जी आपको और कुछ चाहिए, अब तक आपका मन नहीं भरा है.' इसके बाद पप्पू यादव ने यह भी कहा कि उनका और पीएम मोदी के बीच कुछ गुप्त बात हुई तो क्या वह सबको बता दें. पप्पू यादव ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि सीमांचल आपको मोहब्बत करता है. हम भी आपसे मोहब्बत करते हैं. सीमांचल को आप भी मोहब्बत करिए. आप मखाना और मक्का पर जो 5 फीसदी टैरिफ लगाए हैं उसे हटा दीजिए. इसके लिए मैंने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार को चिट्ठी भी दिया है।

यहां बता दें कि पूर्णिया एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर स्थानीय सांसद पप्पू यादव भी दिखे थे. मंच पर पप्पू यादव और पीएम मोदी की बातचीत भी हुई थी।

## क्लाउड सीडिंग: दिल्ली सरकार ने बारिश चोरी कर ली! युवा कांग्रेस ने पुलिस में दी शिकायत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली-** दिल्ली में प्रदूषण से राहत के लिए क्लाउड सीडिंग की योजना अभी परवान नहीं चढ़ सकी है. दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस ने बुधवार को 'बारिश चोरी' का आरोप लगाते हुए दिल्ली सरकार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत दायर की. लाकड़ा ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के नाम पर सवा करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए पर न बारिश हुई न प्रदूषण कम हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि कानपुर से जहाज उड़ने और दिल्ली में 15-20 मिनट के भीतर बारिश कराने की बात कही गई थी. लेकिन पूरे शहर में कहीं भी बारिश देखने को नहीं मिली. लाकड़ा के मुताबिक सरकार ने सिर्फ विज्ञापन चलाए और जनता को गुमराह किया. युवा कांग्रेस ने मांग की है कि इस कथित "बारिश चोरी" मामले की जांच तत्काल शुरू की जाए और जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाए. लाकड़ा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे झूठे दावे कर रही हैं और दिल्लीवासियों को धोखा न दें. उन्होंने कहा कि सरकार को हवा सुधारने के असली कदम उठाने चाहिए, ना कि करोड़ों रुपये विज्ञापनों में उड़ाने चाहिए।

### एनसीआर में अब स्मॉग और फॉग से होगा सामना

दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ले ली है. अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के पहले हफ्ते तक तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. मौसम विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री तक गिरने की संभावना है. हवा में नमी का स्तर भी 50 से 90 प्रतिशत के बीच रहेगा, जिसके चलते सुबह और शाम के समय लोगों को स्मॉग और फॉग दोनों का सामना करना पड़ेगा. भारतीय मौसम विभाग की वेबसाइट पर दर्ज पूर्वानुमान के अनुसार, 29 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि मौसम में शैलो फॉग (हल्का कोहरा) दर्ज किया गया. 30 अक्टूबर को भी हल्के कोहरे का असर बना रहेगा और तापमान 30 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तथा 18 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम दर्ज होगा।

## जहां हिन्दू वहां काम क्यों नहीं, J&K असेंबली में शगुन परिहार ऐसा क्या बोलीं, मच गया बवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीनगर-** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उस वक्त माहौल गर्मा गया जब बीजेपी विधायक शगुन परिहार ने कहा, हमारे किश्तवाड़ में हम राष्ट्रवादी हिंदू लोग हैं और हमारी अनदेखी हो रही है, कोई काम नहीं हो रहा. आखिर जहां हिन्दू वहां काम क्यों नहीं? उनके इस बयान ने पूरे सदन में हलचल मचा दी. विपक्षी दलों के सदस्य अपनी-अपनी सीटों से खड़े होकर विरोध जताने लगे. कुछ ने इसे धार्मिक पहचान के आधार पर भेदभाव की बात बताया, तो कुछ ने इसे राजनीतिक बयानबाजी कहा. कुछ मिनटों तक सदन में शोरगुल और नारेबाजी का माहौल बना रहा, जिसके बाद स्पीकर को हस्तक्षेप करना पड़ा. स्पीकर ने शगुन परिहार को शांत करते हुए कहा, आप पहली बार विधायक बनी हैं. आपकी जिम्मेदारी है कि आप सदन में गरिमा बनाए रखें. अपनी बात रखें लेकिन इस तरीके से कि किसी वर्ग को ठेस न पहुंचे. उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करते समय संतुलन और संयम बनाए रखें. शगुन परिहार ने हंगामे के बाद पूरा बयान जारी किया. उन्होंने कहा, सच्चाई कड़वी है, लेकिन बदल नहीं सकती. मेरा मकसद किसी धर्म विशेष को लेकर बयान देना नहीं था, बल्कि अपने क्षेत्र में विकास की कमी की ओर ध्यान दिलाना था।

### काम धर्म के आधार पर न हो

शगुन परिहार ने कहा, मैंने इस असफल नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को दृढ़ता से आड़े हाथों लिया, जिसने वर्षों से जिला किश्तवाड़ के उन इलाकों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा है, जहां मुख्य रूप से हिंदू आबादी रहती है. विकास को कभी भी धार्मिक आधार पर तय नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन जो पैटर्न हमने देखा है, वह दर्शाता है कि राजनीतिक और धार्मिक विचारधाराओं को नागरिकों की असली ज़रूरतों से ऊपर रखा गया है।

### हमें जवाब चाहिए

शगुन परिहार ने कहा, आज जनता सब कुछ देख रही है. लोग जागरूक हैं, सवाल पूछ रहे हैं, और जवाब चाहते हैं. यह बढ़ती जागरूकता ही है जिसने कुछ लोगों को असहज कर दिया है. लेकिन असहजता सच्चाई को नहीं बदलती. यह सच्चाई है कि वर्षों से शासन में भेदभाव हुआ है और अब इसे और नहीं चलने दिया जा सकता. शगुन ने जोर देकर कहा कि भाजपा का रुख किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि भेदभावपूर्ण शासन के खिलाफ है. उन्होंने कहा, बीजेपी हर धर्म का सम्मान करती है और समानता में विश्वास रखती है. हमारा विरोध किसी आस्था से नहीं, बल्कि उस मानसिकता से है जो शासन में भेदभाव पैदा करती है. नेशनल कॉन्फ्रेंस को समाज के हर तबके को बराबर अवसर देना चाहिए. हर नागरिक चाहे किसी भी धर्म का हो, उसे विकास और कल्याण योजनाओं का समान अधिकार मिलना चाहिए. समावेशी विकास कोई एहसान नहीं, बल्कि हर नागरिक का हक है।

### विपक्ष का पलटवार

परिहार के बयान के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) के विधायकों ने कड़ा विरोध जताया. एनसी के वरिष्ठ नेता ने कहा, किश्तवाड़ के विकास कार्यों को धार्मिक चश्मे से देखने की जरूरत नहीं है. सरकार ने हर समुदाय के लिए काम किया है. ऐसे बयान समाज में दरार डाल सकते हैं. वहीं कांग्रेस के कुछ विधायकों ने भी कहा कि सदन में 'हिंदू बनाम मुस्लिम' की भाषा लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे बयानों पर रोक लगानी चाहिए, ताकि जम्मू-कश्मीर में शांति और एकता का माहौल बना रहे. उधर, भाजपा के कुछ सदस्यों ने अपनी विधायक का समर्थन किया. उनका कहना था कि शगुन परिहार ने केवल सच्चाई बयान की है, जिसे लंबे समय से दबाने की कोशिश की जा रही थी. बीजेपी के सदस्यों ने कहा, अगर किसी इलाके में विकास नहीं हुआ, तो उसे उठाना हमारा कर्तव्य है, चाहे वह किसी भी समुदाय का इलाका क्यों न हो।

### स्पीकर ने दिया सख्त संदेश

विवाद बढ़ता देख स्पीकर ने एक बार फिर हस्तक्षेप किया और कहा, विधानसभा बहस का मंच है, विभाजन का नहीं. हमें यहां जनता की आवाज़ बनना है, न कि समाज में दीवार खड़ी करनी है. उन्होंने सभी विधायकों से अपील की कि वे सकारात्मक और समावेशी चर्चा करें और किसी भी बयान से पहले उसके सामाजिक प्रभाव पर विचार करें. उन्होंने कहा कि सदन के सदस्य जनता की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हें यह याद रखना चाहिए कि राजनीति का मकसद जोड़ना है, तोड़ना नहीं।

### सोशल मीडिया में शगुन वायरल

विधानसभा की कार्यवाही भले कुछ देर बाद सामान्य हो गई, लेकिन बाहर राजनीतिक गलियारों में यह मुद्दा तेजी से चर्चा में आ गया. सोशल मीडिया पर भी शगुन परिहार का बयान वायरल हो गया. कुछ यूज़र्स ने उनकी साहसी आवाज की सराहना की, तो कुछ ने इसे धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश बताया. राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति में पहचान की राजनीति लंबे समय से एक जटिल मुद्दा रही है. ऐसे में किसी विधायक द्वारा धार्मिक पहचान का उल्लेख करना संवेदनशील माहौल को और जटिल बना सकता है।

### भाजपा का रुख साफ

भाजपा की राज्य इकाई ने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पार्टी किसी भी धार्मिक विभाजन के खिलाफ है और सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करती है. पार्टी प्रवक्ता ने कहा, शगुन परिहार ने केवल अपने क्षेत्र के लोगों की पीड़ा जाहिर की. विकास का हक हर नागरिक का है. अगर कोई सरकार इसे समान रूप से नहीं दे पाई, तो सवाल पूछना हमारा अधिकार है।

## मध्य प्रदेश: ज़मीन विवाद में भाजपा नेता ने किसान को थार से कुचला, बेटियों से बदसलूकी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली-** मध्य प्रदेश के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में रविवार (26 अक्टूबर) को एक भयावह घटना में स्थानीय भाजपा नेता महेंद्र नागर और उनके साथियों ने एक 40 वर्षीय किसान की बेरहमी से पिटाई की और थार गाड़ी से कुचल दिया गया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब किसान रामस्वरूप धाकड़ अपनी पत्नी के साथ खेत जा रहे थे. उनकी बेटी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, महेंद्र नागर और उनके साथी अपने घरों से निकले और उन पर हमला कर दिया. उन्होंने अपनी शिकायत में कहा, 'हमने शोर सुना और अपने पिता को बचाने के लिए बाहर गए. उन्होंने उन्हें अपनी कार से टक्कर मार दी.' बेटी ने आरोप लगाया कि जब उसने अपने पिता को बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की गई. उन्होंने आरोप लगाया, 'जब मैं अपने पिता को बचाने जा रही थी, तो उन्होंने मुझ पर हमला किया, मेरे ऊपर बैठ गए, मेरे कपड़े फाड़ दिए, मुझे धक्का दिया और पटक दिया. उन्होंने गोली भी चलाई और मेरे बाल खींचे.' अखबार के अनुसार, हमले के एक प्रत्यक्षदर्शी राम बाबू नागर ने कहा, 'रामस्वरूप पर 10-15 लोगों ने लकड़ी के डंडों से हमला किया. जब उसकी बेटी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो महेंद्र उसकी छाती पर बैठ गया. फिर जितेंद्र ने राम स्वरूप के पैरों पर थार गाड़ी चढ़ा दी. उसके दोनों पैर कुचल गए.' उन्होंने आगे बताया कि दोनों पक्षों के बीच पिछले तीन महीनों से ज़मीन का विवाद चल रहा था. मृतक के भाई रामकुमार ने आरोप लगाया, 'उन्होंने दोनों लड़कियों के कपड़े फाड़ दिए. करीब 20 लोगों ने हवा में गोलियां चलाईं, इसलिए हम डर गए. वे करीब एक घंटे तक हमला करते रहे. इसके बाद आरोपियों ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ाया और बाद में कार चढ़ा दी.' न्यू इंडियन एक्सप्रेस ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि महेंद्र नागर - भाजपा के स्थानीय बूथ समिति प्रमुख और गुना जिले में पार्टी की किसान शाखा के पूर्व पदाधिकारी - ने फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में लंबे समय से आतंक का राज चलाया हुआ है. एक ग्रामीण ने बताया, 'वह सालों से ज़मीन हड़प रहा है. कम से कम 25 किसान अपनी ज़मीन औने-पौने दामों पर बेचकर गांव छोड़ चुके हैं. जिन लोगों ने विरोध करने की हिम्मत की, उन पर या तो हमला किया गया या उन्हें भगा दिया गया. रामस्वरूप ने नागर के आतंक के आगे घुटने टेकने से इनकार कर दिया और गणेशपुरा में अपनी दस बीघा ज़मीन पर कब्ज़ा जमाए रखा, उसके रिश्तेदार राजस्थान के पास के पचलावड़ा गांव में रहते हैं. इसी अवज्ञा के कारण आखिरकार उसकी जान चली गई.' महेंद्र नागर, उनके बेटों नितेश और देवेंद्र, पत्नी कमलेश बाई नागर, भतीजे जितेंद्र और नागर परिवार की दो अन्य महिलाओं समेत 14 लोगों के खिलाफ हत्या, आपराधिक षडयंत्र, मारपीट और महिलाओं का शील भंग करने से जुड़ी बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. न्यू इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, एक आरोपी, महेंद्र के बड़े भाई हुकुम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### कांग्रेस ने घटना की निंदा की

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, बमोरी से कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल ने घटना की निंदा की और सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाया. अग्रवाल ने कहा, 'मध्य प्रदेश में हिंसा, लूटपाट और बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैं. राज्य के मुख्यमंत्री गृह मंत्री भी हैं और यह सब उनकी निगरानी में हो रहा है. पुलिस सत्ता में बैठे लोगों के डर से काम कर रही है.' भाजपा ने इस बात से इनकार किया है कि आरोपी उनकी पार्टी से जुड़ा है. भाजपा प्रवक्ता शिवम शुक्ला ने कहा, 'आरोपी इलाके का पूर्व सरपंच बताया जा रहा है. वे किसी पार्टी के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ते. इसके अलावा, यह आरोप कि आरोपी भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरों में दिखाई दिए, निराधार हैं, क्योंकि कांग्रेस नेता भी हमारी पार्टी के सदस्यों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं. वे जनप्रतिनिधि हैं और उन्हें लोगों से मिलना होता है. आरोपी हमारी पार्टी से जुड़े नहीं हैं.' न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीच, गुना ज़िला भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने नागर के पार्टी से जुड़े होने की पुष्टि करते हुए उन्हें तत्काल निष्कासित करने की मांग की है. सिकरवार ने कहा, 'महेंद्र नागर एक पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय बूथ प्रमुख हैं. हमने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखकर उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है.' जानकार सूत्रों के अनुसार, महेंद्र नागर उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शामिल थे, जो 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके 22 वफादार विधायकों के पार्टी छोड़ने और कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद भाजपा में शामिल हुए थे. गुना, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के उन तीन ज़िलों में से एक है, जो गुना लोकसभा क्षेत्र बनाते हैं, जिसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करते हैं।

